**फाइल संख्या. ए-11019/36/2018-एनएमपीबी**

भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड

****

पहली और दूसरी मंजिल, इंडियन रेड क्रास सोसायटी (आईआरसीएस)
एनेक्सी बिल्डिंग, रेड क्रास रोड़,
नई दिल्ली-110 001
दिनांक:03 फरवरी,2023

**विषयः राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड (एनएमपीबी), आयुष मंत्रालय में संविदा के आधार पर परामर्शदाता (प्रशासन एवं लेखा) की नियुक्ति के लिए पैनल तैयार करना - के संबंध में।**

अधोहस्ताक्षरी को यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड (एनएमपीबी), आयुष मंत्रालय, नई दिल्ली में संविदा के आधार पर सेवानिवृत उप सचिव / अवर सचिव का परामर्शदाता (प्रशासन एवं लेखा) की नियुक्ति के लिए पैनल बनाने का प्रस्ताव है। संक्षिप्त / लघु सूचीबद्ध उम्मीदवारों को आवश्यकतानुसार नियुक्ति के लिए विचार किया जाएगा। इसका ब्यौरा इस प्रकार है:-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | संविदा के आधार पर नियुक्त किए जाने वाले परामर्शदाताओं की संख्या | 01 |
| 2. | नियुक्ति की अवधि | प्रारम्भ में एक वर्ष के लिए। कार्यात्मक आवश्यकताओं और कार्य-निष्पादन के मूल्यांकन के अधीन वर्ष-दर-वर्ष आगे सेवा विस्तार किया जा सकता है। |
| 3. | आयु सीमा | आवेदन प्राप्ति की अंतिम तारीख को 64 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। संविदा को जारी रखने के लिए अधिकतम आयु सीमा वर्ष-दर-वर्ष आधार पर संविदा के नवीकरण की तारीख को 65 वर्ष होगी। |
| 4. | देय पारिश्रमिक | आयुष मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार |
| 5. | कार्य स्थल | राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड, इंडियन रेड क्रास सोसायटी बिल्डिंग, नई दिल्ली |
| 6. | विशेषज्ञता | प्रशासन / स्थापना मामले<br>बजट,<br>नीतिगत मामले |

| | | |
|---|---|---|
| | | परियोजना/ स्कीम संबंधी कार्य |
| **7.** | वांछनीय | उन व्यक्तियों को वरियता दी जाएगी<br>• जो ई-ऑफिस में स्वतंत्र रूप से कार्य करने में प्रवीण / दक्ष हों।<br>• जिन्होंने नीतिगत / प्रशासनिक मामले / सेवारत कर्मियों से संबंधित मामले संभाले हों। |

2. संविदा के आधार पर परामर्शदाता की नियुक्ति आयुष मंत्रालय के परामर्शदाता की नियुक्ति करने के दिशा-निर्देशों के अधीन होगी। परामर्शदाता की नियुक्ति करने संबंधी दिशा-निर्देश आयुष मंत्रालय की वेबसाइट www.ayush.gov.in पर उपलब्ध हैं।

3. इच्छुक और पात्र अभ्यर्थी जीवन-वृत के साथ अपने ब्यौरे और संबंधित प्रलेख **राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड**, इंडियन रेड क्रास सोसायटी (एनेक्सी बिल्डिंग), रेड क्रास रोड़, नई दिल्ली-110 001 को इस परिपत्र के जारी होने की तारीख से 21 दिनों के भीतर भेज सकते हैं।

4. राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड (एनएमपीबी), आयुष मंत्रालय किसी भी आवेदन को बिना कोई कारण बताए स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार रखता है।

पैट्रिक 3/2/23

(पैट्रिक खालको)
अवर सचिव, भारत सरकार

प्रतिलिपि:

1. श्री तनुज गुप्ता, एनआईसी कक्ष को इस अनुरोध के साथ प्रेषित की जाती है कि मंत्रालय की वेबसाइट पर इस परिपत्र को अपलोड करें।
2. श्री सौरभ शर्मा, प्रबंधक,विपणन एवं व्यापार, एनएमपीबी को इस अनुरोध के साथ प्रेषित की जाती है कि एनएमपीबी की वेबसाइट पर इस परिपत्र को अपलोड करें।
3. नोटिस बोर्ड
4. गार्ड फाइल

संलग्नक-II

**राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड (एनएमपीबी), आयुष मंत्रालय में संविदा के आधार पर परामर्शदाता (प्रशासन एवं लेखा) पद के लिए आवेदन फार्म**

| विधिवत स्व सत्यापित पासपोर्ट आकार का फोटो |
|---|

I. **व्यैक्तिक विवरण :**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | आवेदित पद | |
| 2. | आवेदक का नाम | |
| 3. | पिता/पति का नाम | |
| 4. | जन्मतिथि | |
| 5. | राष्ट्रीयता | |
| 6. | स्थायी पता | |
| 7. | ई-मेल (बड़े अक्षरों में) | |
| 8. | मोबाइल सं. | |
| 9. | संगठन के नाम सहित सेवानिवृति से पूर्व सरकारी सेवा में धारित अंतिम पद | |
| 10. | अंतिम धारित पद का वेतन स्तर /ग्रेड पे | |
| 11. | संदर्भ | I. |
| | | II. |

II. **शैक्षिक योग्यताएं:** (कृपया स्व-सत्यापित प्रतियां संलग्न करें)

| क्र. सं. | डिग्री/ डिप्लोमा |
|---|---|
| | |
| | |
| | |

III. **<u>व्यावसायिक अनुभव:</u>** (कृपया स्व-सत्यापित प्रतियां संलग्न करें)

| क्र. सं. | संगठन का नाम | धारित पद (सेवानिवृत्ति से पूर्व) | सेवा अवधि |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |

मैं सत्यनिष्ठा से घोषणा करता हूं कि उपर्युक्त घोषणा सत्य, सही और पूर्ण है और मैं जानता हूं कि मेरी नियुक्ति के पश्चात भी मेरे द्वारा की गई घोषणा/ सूचना असत्य/गलत पाई जाने पर मैं सेवा से पदच्युत किए जाने का उत्तरदायी रहूंगा।

**दिनांक सहित हस्ताक्षर**